# ‘अयोध्या हाट-एयरो सिटी का काम तेज करें’

**अयोध्या, वरिष्ठ संवाददाता।** रामनगरी में विकसित हो रहे एयरोसिटी, रामअनुभव केंद्र, वशिष्ठ कुंज और अयोध्या हाट समेत कई विकासपरक योजनाओं की रविवार को मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने समीक्षा कर गुणवत्ता युक्त पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने अयोध्या दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के सुखद अनुभूति के हर संभव प्रयास किए जाने के प्रशासन को निर्देश भी दिए।

रविवार सुबह लगभग ग्यारह बजे उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र हवाई अड्डे पर पहुंचे। मुख्य सचिव का अयोध्या पहुंचने पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आई जी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार ने स्वागत किया। इसके बाद हनुमानगढ़ी और राम लला मंदिर में दर्शन पूजन किया।



अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में समीक्षा करते मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र।

## एयरोसिटी में बनेगा वेडिंग डस्टिनेशन, आयुर्वेद सिटी

एयरपोर्ट के पास विकसित हो रही एयरो सिटी के बारे में मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि भूमि अर्जन प्रक्रिया में भूस्वामियों से वार्ता जारी है। एयरोसिटी में होटल, वेडिंग डेस्टिनेशन, आयुर्वेद सिटी बनेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि विकसित आवासीय योजनाओं सहित अयोध्या को क्लीन ग्रीन, ब्यूटीफुल सिटी बनाने के लिए उद्यान विभाग ट्रेंड करेंगे।

रामलला दर्शन के बाद राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास महासचिव चम्पत राय, सदस्य डॉ अनिल मिश्र, गोपाल राव और अधिकारियों के साथ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अगले चरण में दोपहर बाद मुख्य सचिव ने अयोध्या के विकास कार्यो की सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक अयोध्या स्थित अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में की। अयोध्या के विभिन्न पथों यथा जन्मभूमि पथ, भक्तिपथ एवम मंदिर के परिसर में रेलिंग लगाने के सम्बंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जहां भी ड्राप डाउन बैरियर लगाया जाए आकर्षक डिज़ाइन का ही लगाएं। अयोध्या की ब्रांडिंग के लिए सजाया भी जाय।